

# NSCB Memorial Govt. Degree College Hamirpur

## District Hamirpur (H.P.)

Tel No.: 01972-222227, FAX: 01972-222227, e-Mail: gchamirpur-hp@nic.in

**Report on Academic Achievement of Students Got 1st and 9th position in B com 3rd annual Exam in Commerce**

The Department of Commerce, N.S.C.B.M. Government Degree College, Hamirpur, continued its tradition of academic excellence during the academic session **2025–26** by producing exceptional results in both university examinations and national-level competitive examinations. A landmark achievement of the department was the outstanding performance of students in the **Himachal Pradesh University B.Com. III Year Annual Examination–2026**. **Ms. Khushboo Sharma** secured **First Position in the entire State** with an impressive **CGPA of 9.15**, while **Ms. Akshita Jain** secured the **Ninth Position in the State** with a **CGPA of 8.79**. These remarkable achievements reflect the high academic standards maintained by the department and the effectiveness of continuous mentoring, academic support, and outcome-based teaching practices.

In addition to the university merit positions, several postgraduate students qualified the **UGC-NET/JRF in Commerce** during the current and previous academic sessions. Through regular mentoring, career counselling, conceptual guidance, mock tests, research orientation, and special academic support, the department successfully prepared students for higher education and national-level competitive examinations.

To recognize these achievements and motivate future learners, the Department of Commerce installed an **Academic Achievers Display Board** highlighting the students who secured State Merit positions and qualified the UGC-NET/JRF examination. This initiative not only celebrated student success but also inspired junior students to strive for excellence in academics and competitive examinations.

These accomplishments have significantly enhanced the academic reputation of the department and the institution, demonstrating the impact of dedicated teaching, effective mentoring, and a student-centric learning environment.

Media Coverage

Scanned with OKEN Scanner

# ट्रक ड्राइवर की बेटी की बड़ी सफलता



खुशबू शर्मा

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी द्वारा मंगलवार को घोषित किए गए बीकॉम फाइनल ईयर के परीक्षा परिणाम में एजुकेशनल हब कहे जाने वाले हमीरपुर की बेटी खुशबू शर्मा ने प्रदेश भर में टॉप करते हुए प्रदेश के सबसे साक्षर जिले को महका दिया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर की छात्रा खुशबू शर्मा का बीकॉम फाइनल ईयर में फर्स्ट रैंक आया है। दूरभाष पर खुशबू शर्मा से उनकी सफलता के बारे में पूछा गया, तो उनकी जुबान पर सबसे पहला नाम अपनी दादी संध्या देवी का था। खुशबू बताती हैं कि हालांकि उन्हें शिक्षित करने में उनके गुरुजनों का मार्गदर्शन और माता-पिता का सहयोग बहुत अधिक रहा है, लेकिन उनकी दादी ने हर कदम पर उनका साथ दिया है। हालांकि घुटने का ऑप्रेशन के कारण आज दादी चल-फिर नहीं सकती, लेकिन रोज सुबह पढ़ाई के लिए जगाना और हर तरह से उसे स्पोर्ट करने में दादी ने हमेशा बहुत साथ दिया। खुशबू ने अपने उद्देश्य में बताया कि वह सीए बनना चाहती है। खुशबू रोजाना पांच से छह घंटे पढ़ाई करती थी, लेकिन एग्जाम के समय पढ़ने की यह समयवधि आठ से नौ घंटे हो जाती थी। खुशबू के पापा सोनी कुमार एक ट्रक ड्राइवर हैं, जबकि उनकी माता बबिता शर्मा गृहिणी हैं। छोटा भाई केवी में जमा एक में कॉमर्स की पढ़ाई कर रहा है।

divyahimachal.com | दिव्य हिमाचल

# बीकॉम फाइनल ईयर में सुजानपुर की बेटी ने हासिल किया 9वां रैंक

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-हमीरपुर**



अक्षिता जैन

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को घोषित किए गए बीकॉम फाइनल ईयर के परीक्षा परिणाम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर की बी कॉम फाइनल ईयर की छात्रा अक्षिता जैन ने एचपीयू की मेरिट में 9वां रैंक हासिल किया है। अक्षिता जिला हमीरपुर के सुजानपुर की रहने वाली अक्षिता जैन का लक्ष्य सीए (कंपनी सेक्रेटरी) बनना है। अक्षिता की 10वीं तक की पढ़ाई डीएवी आलमपुर से पूरी हुई है। जबकि उन्होंने जमा दो तक की पढ़ाई महाराजा संसार चंद स्कूल सुजानपुर से पूरी की है। बता दें कि अक्षिता की सेकेंड ईयर में भी प्रदेश भर में पांचवां रैंक रहा है। अक्षिता ने बताया कि रूटीन में तो वह चार से पांच घंटे पढ़ाई करती थी, लेकिन एग्जाम के वक्त सात से आठ घंटे तक लगातार भी पढ़ना पड़ता था। अक्षिता अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षिकों, माता-पिता और अपने सीनियर को देती है, जिनका लगातार उन्हें मार्गदर्शन मिलता रहा। अक्षिता के पिता पंकज जैन सुजानपुर बाजार में दुकान करते हैं, जबकि माता अंजू जैन गृहणी है। अक्षिता की बड़ी बहन की शादी हो चुकी है, जबकि छोटा भाई अभी पढ़ाई कर रहा है।

Scanned with OKEN Scanner